# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 6 3rd Lang. | Department: Hindi | Date : |
|---|---|---|
| Question bank and Grammar | Topic- (महत्त्व सुलेख का ) | Note: Please complete your work. |

## प्रश्नोत्तर

क. सुलेख का क्या अर्थ है?

उत्तर = जब हम अक्षरों को धीरे-धीरे सुंदर बनाकर लिखते हैं, तब उसे सुलेख कहते हैं|

ख. चित्रा को क्या नहीं करना अच्छा लगता है?

उत्तर = चित्रा को लिखना अच्छा नहीं लगता है|

ग. जया ने सुंदर लिखावट का क्या लाभ बताया?

उत्तर = जया ने सुंदर लिखावट का यह लाभ बताया कि -----" यदि दो छात्र किसी प्रश्न का एक जैसा उत्तर देते हैं तो अच्छी लिखावटवाले छात्र को अधिक अंक मिलते हैं|"

घ. सुलेख के क्या नियम हैं? लिखिए|

उत्तर = सुलेख के निम्नलिखित नियम हैं ----

- एक शब्द के समाप्त होने पर तथा दूसरा शब्द लिखने से पहले कुछ स्थान छोड़ना चाहिए|
- पंक्तियों के मध्य में कभी नहीं लिखना चाहिए|
- हिंदी के अक्षरों को रेखा के नीचे लिखना चाहिए|
- अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट लगानी चाहिए|
- मात्राएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए|

ङ. बचपन से सुलेख लिखने का क्या फ़ायदा होता है?

उत्तर = जो बच्चे बचपन से सुलेख लिखने का अभ्यास करते हैं वे बड़े होकर जल्दी-जल्दी भी लिखते हैं तो भी उनकी लिखावट ख़राब नहीं होती है|

च. “सुलेख क्या होता है?” चित्रा ने किससे पूछा?

उत्तर = चित्रा ने जया से पूछा|

अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option ----- (Textbook)*

क. जया और चित्रा कौन हैं?

सहेलियाँ बहनें पड़ोसिनें माँ-बेटी

ख. सुलेख के लिए अभ्यास कब से शुरू करना चाहिए?

पढ़ाई पूरी होने पर युवावस्था में

बचपन से कभी भी

ग. अच्छी लिखावट किसका आवश्यक अंग है?

जीवन का शिक्षा का

सुंदरता का अभ्यास का

Ans.= क. सहेलियाँ ख. बचपन से ग. शिक्षा का

2. सही शब्द को चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए– *(Textbook)*

*Choose the correct words and complete the sentences.*

| लिखावट<br>लिखना<br>पढ़ना<br>सुंदर<br>रेखा |
|---|

क. जया को ............ पसंद है और चित्रा को ............|

ख. हिंदी के अक्षर ............. के नीचे लिखे जाने चाहिए|

ग. मैंने अपनी .............. सुधारने की बहुत कोशिश की|

घ. ............... लिखावट के अनेक लाभ हैं|

Ans= क. लिखना, पढ़ना ख. रेखा ग. लिखावट घ. सुंदर

3. सही ( ✓ ) / गलत ( X ) बताइए| (*Notebook)*

क. सुलेख लिखते समय पंक्तियों के मध्य में नहीं लिखना चाहिए| (✓)

ख. जया और चित्रा अलग-अलग स्कूल में पढ़ती थीं| (X)

ग. सुलेख लिखते समय मात्राएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए| (✓)

घ. सुलेख लिखते समय अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट नहीं लगानी चाहिए| (X)

ङ. सुलेख के नियमों द्वारा हम अपनी लिखावट अच्छी कर सकते है| (✓)

## व्याकरण **(Grammar)** (*Notebook)*

1. वचन बदलिए |

i) लड़का = लड़के — ii) पैसा = पैसे

iii) रुपया = रुपये — iv) पेंसिल = पेंसिलें

v) किताब = किताबें — vi) कलम = कलमें

vii) कुरसी = कुरसियाँ — viii) चिड़िया = चिड़ियाँ

2. सही हिंदी अर्थ लिखिए | *Write correct Hindi meanings.*

Practice = अभ्यास — Childhood = बचपन

Ashamed = शर्मिंदा — Importance = महत्त्व

Education = शिक्षा — Clear = स्पष्ट

Reading = पढ़ना — Need = आवश्यकता

3. उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए |

| | उपसर्ग | मूलशब्द |
|---|---|---|
| i) सुलेख = | सु | लेख |
| ii) असफल = | अ | सफल |
| iii) भरपेट = | भर | पेट |
| iv) सुपुत्र = | सु | पुत्र |
| v) निडर = | नि | डर |

4. प्रत्यय व मूल शब्द अलग कीजिए |

| | मूलशब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| i) मित्रता = | मित्र | ता |
| ii) धनवान = | धन | वान |
| iii) चित्रकार = | चित्र | कार |
| iv) दोस्ती = | दोस्त | ई |
| v) सुंदरता = | सुंदर | ता |

5. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए |

क. जिसका अंत न हो - अनंत

ख. किसी से भी न डरने वाला - निडर

ग. जिसका कोई कारण न हो - अकारण

घ. चित्र बनाने वाला - चित्रकार

ङ. साथ पढ़ने वाला - सहपाठी

च. जिसमे बहुत शक्ति हो - शक्तिशाली

6. दिए गए वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए |

I. मोहन ...... चूहे को डंडे ........ मारा |

II. पेड़ ......... डाली ......... चिड़िया बैठी है |

III. रीता ........ बिल्ली ........ दूध पिलाया |

IV. विजय ......... घर विद्यालय ........ पास है |

V. दादी जी बाज़ार ........ बच्चों ........ खिलौने लाईं |

VI. रीना ......... पुस्तक मेज़ ......... रखी |

VII. पानी ....... मछलियाँ तैर रही हैं |

VIII. हमारी गरमी ........ छुट्टियाँ जून ...... थीं |

I. ने, से
II. की, पर
III. ने, को
IV. का, के
V. से, के लिए
VI. ने, पर
VII. में
VIII. की, में

*********************